This question paper contains 7 printed pages]

458

M.A. (Final) Examination, 2022

HINDI LITERATURE

Paper–IV

गद्य साहित्य-2 (नाटक, निबन्ध तथा आलोचना)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 100

*This question paper contains **three** sections as under :*

Section-A **खण्ड 'अ'** ***Max. Marks-10***

*This section contains **one** compulsory question with **10** parts. Answer of each part should not exceed **20** words. **All** questions carry equal marks.*

*इस खण्ड में **एक** अनिवार्य प्रश्न है जिसमें **10** भाग हैं। प्रत्येक भाग का उत्तर लगभग **20** शब्दों से अधिक न हो। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।*

https://www.uokonline.com

Section-B **खण्ड 'ब'** ***Max. Marks-50***

*This section contains **10** questions. Attempt **5** questions in all, selecting **one** question from each unit. Answer of each question should not exceed **250** words. **All** questions carry equal marks.*

*इस खण्ड में **10** प्रश्न हैं। प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न का चयन करते हुए, कुल **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **250** शब्दों से अधिक न हो। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।*

Section-C **खण्ड 'स'** ***Max. Marks-40***

*This section contains **4** questions (questions may have sub-divisions). This section will cover all units but not more than one question from each unit. Question No. **12** (First Question of this Section) is compulsory. Attempt **1** question from rest of **3** questions of this Section. Answer of each question should not exceed **500** words. **All** questions carry equal marks.*

https://www.uokonline.com

इस खण्ड में 4 प्रश्न हैं, प्रश्नों के उपभाग हो सकते हैं। इस खण्ड में एक इकाई से अधिकतम एक प्रश्न होगा। प्रश्न संख्या 12 (इस खण्ड का प्रथम प्रश्न) अनिवार्य होगा। शेष 3 प्रश्नों में से 1 प्रश्न का उत्तर दिया जाना है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों से अधिक न हो। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

खण्ड-अ

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) 'चन्द्रगुप्त' नाटक का रचनागत उद्देश्य क्या है?

(*ii*) 'प्यासी आँखें क्यों नादान.....कौन सुनेगा तेरा गान' पंक्ति किसकी है?

(*iii*) 'पशु का उदय' किस नाट्य कृति के एक अंक का शीर्षक है?

(*iv*) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की दृष्टि में 'ग्लानि' क्या है?

(*v*) लोभ और प्रेम में क्या अन्तर है?

(*vi*) महामानव समुद्र की संज्ञा आचार्य हज़ारी प्रसार द्विवेदी ने किसको दी है?

(*vii*) साहित्य से क्या अभिप्राय है? संकलित निबन्ध के आधार पर उत्तर दीजिए।

(*viii*) डॉ. रामविलास शर्मा के अनुसार सौन्दर्य किसे कहते हैं?

(*ix*) सूफी काव्य की आध्यात्मिकता किस प्रकार की रही है?

(*x*) आधुनिक कवि की श्रेष्ठता की परीक्षा किस आधार पर की जा सकती है?

खण्ड-ब

इकाई-I

2. निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

भूमा का सुख और उसकी महत्ता का जिसको आभास मात्र हो जाता है, उसको ये नश्वर चमकीले प्रदर्शन नहीं अभिभूत कर सकते, दूत ! वह किसी बलवान की इच्छा का क्रीड़ा-कन्दुक नहीं बन सकता। तुम्हारा राजा अभी झेलम भी नहीं पार कर सका, फिर भी जगद्विजेता की उपाधि लेकर जगत् को वंचित करता है। मैं लोभ से, सम्मान से या भय से किसी के पास नहीं जा सकता।

https://pyqlelo.com

3. तटस्थ?

मातुल मैं योद्धा नहीं हूँ

बर्बर पशु हूँ

यह तटस्थ शब्द

है मेरे लिए अर्थहीन

सुन लो यह घोषणा

इस अन्धे बर्बर पशु की

पक्ष में नहीं जो मेरे

वह शत्रु है।

इकाई-II

4. लोभ चाहे जिस वस्तु का हो, जब वह बढ़ जाता है तब उसे वस्तु की प्राप्ति सानिध्य या उपभोग से जी नहीं भरता। मनुष्य चाहता है कि वह बार-बार मिले या बराबर मिलता रहे। धन का लोभ जब रोग होकर चित्त में घर कर लेता है तब प्राप्ति होने पर भी और प्राप्ति की इच्छा बराबर जगी

रहती है। जिससे मनुष्य सदा आतुर और प्राप्ति के आनन्द से विमुख रहता है।

5. आत्मबोध और जगद्बोध के बीच ज्ञानियों ने गहरी खाई खोदी पर हृदय ने कभी उसकी परवा न की; भावना दोनों को एक ही मानकर चलती रही। इस जगत् के बीच जिस आनन्द-मंगल की विभूति का साक्षात्कार होता रहा उसी दृश्य के स्वरूप की नित्य और चरम भावना द्वारा भक्तों के हृदय में भगवान के स्वरूप की प्रतिष्ठा हुई। लोक में इसी स्वरूप के प्रकाश को किसी ने 'रामराज्य' कहा, किसी ने 'आसमान की बादशाहत'।

इकाई-III

6. "आचार्य हजारी प्रसाद एक सफल ललित निबन्धकार हैं।" स्पष्ट कीजिए।

7. 'मनुष्य की सर्वोत्तम कृति-साहित्य' निबन्ध के आधार पर साहित्य की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

इकाई-IV

8. 'तुलसी की भावुकता' निबन्ध का सारांश लिखिए।

9. कबीर की भक्ति-भावना की पृष्ठभूमि पर लेख लिखिए।

इकाई-V

10. काव्य भाषा और बिम्ब का साहित्य में क्या महत्व है? स्पष्ट कीजिए।

11. 'नामवरसिंह आधुनिक समालोचक हैं।' स्पष्ट कीजिए।

खण्ड-स

12. 'प्रसाद के नाटक इतिहास और कल्पना के संगम हैं।' इस कथन के आलोक में 'चन्द्रगुप्त' नाटक की समीक्षा कीजिए।

13. 'यात्रा के लिए निकलती रही बुद्धि पर हृदय को भी साथ लेकर।' इस कथन के आधार पर आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की निबन्ध शैली पर प्रकाश डालिए।

14. 'कबीर भारतीय धर्मसाधना में अद्वितीय व्यक्तित्व व कृतित्व के धनी थे।' इस कथन के आधार पर उनके भक्तिभाव को स्पष्ट कीजिए।

15. विजय देवनारायण साही के निबन्ध 'लघुमानव के बहाने हिन्दी कविता पर एक बहस' का सारांश लिखिए।

https://pyqlelo.com